# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 9964 / 2026 | दिनांकः 03 जून, 2026

**शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध**

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

**विषयः–दिनांकः 05 जून, 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस–2026 के अवसर पर "Misson Life" के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु कार्यवाही (Climate Action) हेतु जागरूकता, जनभागीदारी एवं आउटरीच गतिविधियों के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, बलिया के पत्र संख्याः 3613 / 29–1(वि0पर्या0दि0–2026), दिनांकः 03 जून, 2026(छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से मुख्य सचिव, परिवर्तन अनुभाग–7 के पत्र संख्याः 406 / 81 / 7 / 2026–2055090(छायाप्रति संलग्न) में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुपालन में **दिनांकः 05 जून, 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस–2026 के अवसर पर "Misson Life" के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु कार्यवाही (Climate Action) हेतु जागरूकता, जनभागीदारी एवं आउटरीच गतिविधियों के आयोजन किये जाने की अपेक्षा की गयी है।**

तत्क्रम में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त पत्र मे वर्णित तथ्यों के आलोक में अपने **महाविद्यालय में कार्यक्रमों / गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही की सूचना विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. **माननीय कुलपति जी।**
2. **प्रभारी वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।**
3. **सम्बन्धित पत्रावली।**

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.incu.ac.inE-mail :- incuballia@gmail.com

**शीर्ष प्राथमिकता / अतिआवश्यक / महत्वपूर्ण**

# कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, बलिया।

पत्रांक– 3613 /29–1 (वि0पर्या0दि0–2026) दिनांक, बलिया, जून,03 , 2026।

सेवा में,

1– पुलिस अधीक्षक बलिया।
2– मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलिया।
3– उपायुक्त (श्रम एवं रोजगार) मनरेगा, बलिया।
4– जिला पंचायत राज अधिकारी, बलिया।
5– उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बलिया।
6– अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बलिया।
7– अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बलिया।
8– अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बलिया।
9– अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड प्रथम बलिया।
10– उप निदेशक कृषि बलिया।
11– मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी बलिया।
12– अधिशासी अभियन्ता, विद्युत खण्ड प्रथम, रसड़ा बलिया।
13– जिला विद्यालय निरीक्षक बलिया।
14– कुल सचिव जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया।
15– बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलिया।
16– प्रधानाचार्य राजकीय महिला पॉलीटेक्निक बलिया।
17– जिला उद्यान अधिकारी बलिया।
18– जिला क्रीड़ा अधिकारी बलिया।
19– सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, बलिया।
20– सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, बलिया।
21– जिला पूर्ति अधिकारी, बलिया।
22– जिला सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC) बलिया।
23– प्रधानाचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI), बलिया।
24– जिला सूचना अधिकारी, बलिया।
25– क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, बलिया।
26– महिला एवं बाल विकास अधिकारी, बलिया।

विषय :– **दिनांक 05 जून, विश्व पर्यावरण दिवस–2026 के अवसर पर "Mission Life" के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु कार्यवाही (Climate Action) हेतु जागरूकता, जनभागीदारी एवं आउटरीच गतिविधियों के आयोजन के सम्बन्ध में।**

संदर्भ :– **प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–7 के पत्र संख्या–406/81–7–2026–2055090 दिनांक 30.05.2026।**

**महोदय,**

उपरोक्त संदर्भित शासनादेश की प्रति संलग्नकर इस आशय से प्रेषित है कि **"Mission Life"** अभियान के अन्तर्गत जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए **"पर्यावरण के प्रति व्यवहार परिवर्तन"** एवं **"Climate Action"** को जन–आन्दोलन का स्वरूप प्रदान करने हेतु अपने विभाग में एवं नियंत्रणाधीन समस्त कार्यालायों/संस्थाओं में अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करते हुए निर्धारित अवधि में गतिविधियों का सफल आयोजन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

(पृथ्वीराज के0एस0बी0)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग, बलिया

P.T.O.

पृ0सं0 3613 / समदिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ प्रेषित है।

1— जिलाधिकारी, बलिया महोदय।

2— मुख्य विकास अधिकारी, बलिया।

संलग्नक— उपरोक्तानुसार।

(पृथ्वीराज के0एस0बी0)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग, बलिया

संख्या- 406 /81-7-2026-2055090

प्रेषक,

वी. हेकाली झिमोमी,
प्रमुख सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

1- समस्त अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

2- समस्त विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु
परिवर्तन अनुभाग-7

लखनऊः दिनांकः 30-05-2026

8807

विषय- दिनांक 05 जून, विश्व पर्यावरण दिवस-2026 के अवसर पर "Mission LiFE" के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु कार्यवाही (Climate Action) हेतु जागरूकता, जनभागीदारी एवं आउटरीच गतिविधियों के आयोजन के संबंध में।

APCCF(SF)
PCCF
1/6/26
C.S.O
APCCF SR
01/06/26

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि मा० प्रधानमंत्री जी द्वारा ग्लासगो में आयोजित COP-26 सम्मेलन में दिनांक 01 नवम्बर, 2021 को "Mission LiFE (Lifestyle for Environment)" की अवधारणा विश्व समुदाय के समक्ष प्रस्तुत की गयी। मिशन लाइफ का उद्देश्य उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के विनाशकारी उपभोग के स्थान पर पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी एवं सतत् जीवन शैली को जन-आन्दोलन का स्वरूप प्रदान करना है। यह अभियान जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन तथा स्वस्थ्य एवं टिकाऊ जीवन शैली को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

2- विश्व पर्यावरण दिवस-2026 की थीम "Climate Action" निर्धारित की गयी है, जिसके अन्तर्गत जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों के समाधान हेतु सामूहिक प्रयासों एवं सतत् जीवन शैली को प्रोत्साहित किया जाना है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 15 मई, 2026 से 05 जून, 2026 तक राष्ट्रव्यापी अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत Mission LiFE की सात प्रमुख थीमों पर व्यापक जन-जागरूकता एवं क्रियात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जानी हैं।

3- Mission LiFE के अन्तर्गत निम्न सात प्रमुख विषयों पर विभागवार गतिविधियाँ संचालित की जानी हैं:-

(1) ऊर्जा संरक्षण (Save Energy)

(2) जल संरक्षण (Save Water)

(3) सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उन्मूलन (Say No to Single-Use Plastic)

(4) सतत् एवं स्वस्थ जीवन शैली (Adopt Healthy & Sustainable Lifestyles)

(5) अपशिष्ट में कमी एवं स्वच्छता (Reduce Waste)

(6) ई-अपशिष्ट में कमी (Reduce E-Waste)

(7) सतत् खाद्य प्रणाली को अपनाना (Adopt Sustainable Food Systems)

4- भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार विभिन्न विभागों द्वारा निम्न प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित की जानी अपेक्षित हैं :-

- "Ek Ped Maa Ke Naam" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण की गतिविधियाँ।
- कार्यालयों, विद्यालयों, चिकित्सालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर ऊर्जा एवं जल संरक्षण संबंधी जागरूकता अभियान।
- सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त बैठकें, कार्यशालाएँ एवं सरकारी कार्यक्रम आयोजित करना।
- कपड़े/जूट के बैग, स्टील के बर्तन एवं पुनः उपयोग योग्य सामग्री के उपयोग को बढ़ावा देना।
- स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक संग्रहण अभियान एवं अपशिष्ट पृथक्करण गतिविधियाँ।
- ई-वेस्ट संग्रहण एवं अधिकृत रिसाइक्लरों के माध्यम से सुरक्षित निस्तारण।
- साइक्लोथॉन, मैराथन, वॉकाथॉन, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन।
- सोशल मीडिया, जनसंदेश एवं प्रचार सामग्री के माध्यम से पर्यावरण के प्रति व्यवहार परिवर्तन हेतु जन-जागरूकता।
- विद्यालयों, पंचायतों, शहरी निकायों एवं विभागीय कार्यालयों में Mission LiFE आधारित गतिविधियों का आयोजन।

5- उक्त के क्रम में यह अपेक्षित है कि प्रत्येक विभाग/कार्यालय अपने अधीनस्थ कार्यालयों , संस्थानों एवं जनपद स्तर तक विस्तृत कार्ययोजना तैयार करते हुए दिनांक 15 मई, 2026 से 05 जून, 2026 तक प्रतिदिन गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए।

6- प्रत्येक विभाग द्वारा एक नोडल अधिकारी नामित किया जाये, जिनका विवरण पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को तत्काल उपलब्ध कराया जाये, जिससे उनका पंजीकरण Meri LiFE Portal (https://merilife.org) पर कराया जा सके।

7- भारत सरकार द्वारा निर्देशित किया गया है कि आयोजित समस्त गतिविधियों की Geo-tagged photographs एवं videos प्रतिदिन Meri LiFE Portal पर अपलोड की जाएँ। वृक्षारोपण गतिविधियों को "Ek Ped Maa Ke Naam" टैब में तथा Mission LiFE की सात थीमों से संबंधित गतिविधियों को "World Environment Day" टैब में अपलोड किया जाये।

8 - Mission LiFE के अन्तर्गत विभागवार संभावित गतिविधियों की सूची संलग्न है। तथापि, विभाग आवश्यकता एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार बिंदु संख्या-3 में उल्लिखित सात प्रमुख विषयों से संबंधित अन्य उपयुक्त गतिविधियाँ भी संचालित कर सकते हैं।

9- इसके अतिरिक्त, विभागों के अधीन कार्यरत क्षेत्रीय/जनपदीय कार्यालय (Field Offices) भी Meri LiFE Portal पर स्वयं अपना login id सृजित कर सकेंगे तथा उनके द्वारा आयोजित गतिविधियों की सूचना, Geo-tagged photographs एवं videos सीधे पोर्टल पर अपलोड की जा सकेगी। संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा अपलोड की गयी गतिविधियाँ स्वचालित रूप से संबंधित विभाग के Dashboard पर प्रदर्शित होंगी, जिससे विभागवार प्रगति की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं संकलन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

10- Meri LiFE Portal पर लॉगिन एवं गतिविधियों की रिपोर्टिंग हेतु उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका (User Manual) पृथक से उपलब्ध कराई जा रही है। सभी विभाग यह सुनिश्चित करेंगे कि गतिविधियों की नियमित

एवं समयबद्ध रिपोर्टिंग पोर्टल पर की जाये।

11- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा Mission LiFE से संबंधित लोगो, क्रिएटिव, वीडियो, सोशल मीडिया सामग्री एवं जन-जागरूकता सामग्री निम्न वेबसाइट पर उपलब्ध करायी गयी है :- http://missionlife.moefcc.gov.in/ उक्त सामग्री का उपयोग विभागीय कार्यक्रमों, सोशल मीडिया पोस्ट, बैनर एवं प्रचार-प्रसार सामग्री में किया जा सकता है।

12- अतः उपरोक्त की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि Mission LiFE अभियान के अन्तर्गत जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए "पर्यावरण के प्रति व्यवहार परिवर्तन" एवं "Climate Action" को जन-आन्दोलन का स्वरूप प्रदान करने हेतु अपने नियंत्रणाधीन समस्त कार्यालयों/संस्थाओं में अभियान को प्रभावी रूप से संचालित कराते हुए निर्धारित अवधि में गतिविधियों का सफल आयोजन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

Digitally signed by V HEKALI ZHIMOMI Date: 30-05-2026 13:10:22

( वी. हेकाली झिमोमी )

प्रमुख सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- समस्त जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला पर्यावरण समिति तथा समस्त प्रभागीय वन अधिकारी/सदस्य-संयोजक, जिला पर्यावरण समिति को इस आशय से प्रेषित कि जनपद स्तर पर सभी संबंधित विभागों/संस्थाओं से समन्वय स्थापित करते हुए 05 जून, 2026 को आयोजित होने वाले "विश्व पर्यावरण दिवस" के अवसर पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर उपरोक्त कार्यक्रम/गतिविधि का आयोजन करते हुए उक्त कार्यक्रम/गतिविधि को दैनिक रूप से "Meri Life Portal" पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

2- प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ०प्र०, लखनऊ।

3- निदेशक, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन निदेशालय, उ०प्र०, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से भी अध्यक्ष / सदस्य-संयोजक, जिला पर्यावरण समिति को निर्देशित करने का कष्ट करें।

4- सदस्य सचिव, उ०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ।

5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( चिरौंजी लाल )

संयुक्त सचिव।

Digitally signed by
Chiraunji Lal
Date: 30-05-2026
14:27:47

**विश्व पर्यावरण दिवस-2026**

**Mission LiFE के अन्तर्गत विभागवार संभावित गतिविधियाँ**

| क्र.सं. | विभाग का नाम | संभावित गतिविधियाँ |
|---|---|---|
| 1 | ऊर्जा/विद्युत विभाग एवं UPNEDA | कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर ऊर्जा संरक्षण जागरूकता अभियान, LED बल्बों का उपयोग बढ़ावा, AC को 24–26°C पर संचालित करने हेतु अभियान, ऊर्जा दक्ष उपकरणों के उपयोग का प्रचार |
| 2 | लोक निर्माण विभाग (PWD) | सरकारी भवनों में ऊर्जा दक्ष प्रकाश व्यवस्था, वर्षा जल संचयन प्रणाली की स्थापना/मरम्मत, प्लास्टिक मुक्त कार्यालय परिसर |
| 3 | नगर विकास विभाग | स्वच्छता अभियान, कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक संग्रहण अभियान, सार्वजनिक स्थलों पर डस्टबिन स्थापना, सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त कार्यक्रम |
| 4 | पंचायती राज विभाग | ग्राम पंचायत स्तर पर वृक्षारोपण, तालाब एवं जलस्रोत सफाई अभियान, ग्राम स्तरीय स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम |
| 5 | ग्रामीण विकास विभाग | मनरेगा के माध्यम से जल संरक्षण कार्य, पौधारोपण, कम्पोस्ट पिट निर्माण, ग्रामीण स्वच्छता अभियान |
| 6 | जल शक्ति/जल संसाधन विभाग | जल संरक्षण अभियान, वर्षा जल संचयन, जल निकायों की सफाई, जल बचत संदेशों का प्रचार |
| 7 | कृषि विभाग | ड्रिप सिंचाई एवं जल संरक्षण तकनीकों का प्रचार, प्राकृतिक खेती, जैविक खाद एवं कम्पोस्टिंग जागरूकता |
| 8 | उद्यान विभाग | किचन गार्डन अभियान, पौध वितरण, जैविक खेती एवं हरित आवरण बढ़ाने हेतु कार्यक्रम |
| 9 | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग | Mission LiFE अभियान का समन्वय, वृक्षारोपण अभियान "Ek Ped Maa Ke Naam", जागरूकता कार्यक्रम एवं MeriLiFE Portal रिपोर्टिंग |
| 10 | शिक्षा विभाग (बेसिक/माध्यमिक/उच्च) | निबंध, चित्रकला, क्विज प्रतियोगिताएँ, प्लास्टिक मुक्त विद्यालय अभियान, ऊर्जा एवं जल संरक्षण गतिविधियाँ |
| 11 | महिला एवं बाल विकास विभाग (ICDS) | आंगनबाड़ी केन्द्रों में किचन गार्डन, पोषण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम, पौधारोपण |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | स्वास्थ्य विभाग | स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता शिविर, स्वच्छ वायु एवं हरित क्षेत्र के महत्व पर अभियान |
| 13 | आयुष विभाग | योग शिविर, स्वस्थ जीवन शैली एवं प्रकृति आधारित जीवनशैली जागरूकता कार्यक्रम |
| 14 | खेल एवं युवा कल्याण विभाग | साइक्लोथॉन, मैराथन, वॉकाथॉन, फिटनेस एवं आउटडोर गतिविधियाँ |
| 15 | परिवहन विभाग | सार्वजनिक परिवहन के उपयोग हेतु जागरूकता अभियान, कार पूलिंग एवं साइकिल उपयोग को बढ़ावा |
| 16 | खाद्य एवं रसद विभाग | खाद्य अपव्यय कम करने हेतु अभियान, "Take only what you can eat" संदेशों का प्रचार |
| 17 | पर्यटन विभाग | पर्यावरण अनुकूल पर्यटन गतिविधियाँ, पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान |
| 18 | सामान्य प्रशासन विभाग | सरकारी बैठकों एवं कार्यक्रमों को Single Use Plastic Free बनाना |
| 19 | सूचना प्रौद्योगिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग | ई-वेस्ट संग्रहण अभियान, सुरक्षित ई-वेस्ट निस्तारण एवं जागरूकता कार्यक्रम |
| 20 | औद्योगिक विकास विभाग | उद्योगों में अपशिष्ट प्रबंधन एवं ऊर्जा दक्षता जागरूकता कार्यक्रम |
| 21 | कौशल विकास विभाग एवं ITI | ई-वेस्ट रिपेयर एवं रिसाइक्लिंग प्रशिक्षण, हरित कौशल कार्यक्रम। |
| 22 | गृह विभाग/पुलिस विभाग | सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता रैली, वृक्षारोपण एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान |
| 23 | सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग | सोशल मीडिया अभियान, जनसंदेश, वीडियो, रेडियो एवं प्रचार सामग्री का प्रसारण |
| 24 | परिवहन निगम/मेट्रो/नगर परिवहन | सार्वजनिक स्थलों एवं बस स्टेशनों पर पर्यावरण जागरूकता संदेश |
| 25 | सभी विभाग/कार्यालय | Mission LiFE थीम आधारित गतिविधियाँ, सोशल मीडिया प्रचार, MeriLiFE Portal पर Geo-tagged फोटो एवं वीडियो अपलोड |

**रिपोर्ट की जाने वाली प्रमुख गतिविधियाँ**

**1. जागरूकता आधारित गतिविधियाँ**

- साइक्लोथॉन / मैराथन / वॉकाथॉन
- नुक्कड़ नाटक
- कार्यशाला / वेबिनार / सेमिनार
- निबंध / चित्रकला / क्विज प्रतियोगिताएँ
- सोशल मीडिया अभियान
- लघु फिल्म प्रदर्शन

**2. क्रियात्मक गतिविधियाँ**

- वृक्षारोपण अभियान ("Ek Ped Maa Ke Naam")
- प्लास्टिक संग्रहण अभियान
- स्वच्छता अभियान
- कचरा पृथक्करण एवं कम्पोस्टिंग
- ई-वेस्ट संग्रहण अभियान
- RRR (Reduce-Reuse-Recycle) केन्द्रों की स्थापना
- पर्यावरण अनुकूल उत्पादों का उपयोग
- जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन गतिविधियाँ